वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Email:connectpuregistrar@gmail.com

Tel. No.: (05452) 252244
Web: www.vbspu.ac.in

पत्रांक : 2230 / पू.वि.वि. / गोपनीय / 2021 दिनांक : 11 अक्टूबर, 2021

कार्यालय-ज्ञाप

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय के प्राचार्यों को अवगत कराना है कि वर्ष 2021 का परीक्षाफल शासन के आदेश क्रम में परीक्षा समिति के निर्णयानुसार घोषित किया गया है जिसमें प्रायोगिक परीक्षाओं में अंक सैद्धान्तिक परीक्षाओं के अंको के औसत के अनुसार प्रदान किये गये हैं तथा मौखिकी आनलाइन सम्पन्न कराने के आदेश के क्रम में मौखिकी परीक्षायें सम्पन्न कराकर सम्बन्धित विषयों / पाठ्यक्रमों में जोड़कर परीक्षाफल तैयार किये गये हैं ये समस्त निर्णय छात्रहित में लिये गये है इसके अतिरिक्त छात्रहित को देखते हुए अधिकतम 05 अंको तक अनुकम्पा अंक (ग्रेस मार्क) भी देकर परीक्षाफल तैयार किये गये हैं साथ ही परीक्षाफल तैयार करने में यदि किसी स्तर पर कोई मानवीय त्रुटि हुई है तो उसे भी ठीक किया गया है। इस प्रकार समस्त परीक्षाफल छात्रहित को देखते हुए तैयार कर घोषित किया गया है।

2. विश्वविद्यालय द्वारा छात्रहित में उक्त निर्णय लिये जाने के बावजूद टी0डी0 स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर के अधिकांश एवं अन्य महाविद्यालयों के छुट-पुट छात्र विश्वविद्यालय आकर सोर-शराबा करके कार्य में व्यवधान उत्पन्न करते हैं तथा महाविद्यालय में अनुपस्थित रहते हैं जिसे सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्यों द्वारा रोका जाना आवश्यक है। फिर भी यदि किसी छात्र संगठन द्वारा माँगपत्र (ज्ञापन) दिया जाना है तो उस माँग पत्र को सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अग्रसारित होना अनिवार्य है अन्यथा उसे विधिमान्य नहीं माना जायेगा।

मा0 कुलपति महोदया के आदेश दिनांक 11.10.2021 के क्रम में समस्त महाविद्यालय के प्राचार्यों से अनुरोध है कि आप द्वारा अपने-अपने महाविद्यालय के छात्रों को निर्देश दिया जाय कि बिना उनके पूर्व सूचना के कोई भी छात्र विश्वविद्यालय न जाये तथा कक्षा में उपस्थित होकर अध्ययन करें, अन्यथा कि स्थिति में सम्बन्धित छात्रों के विरूद्ध उनके द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस आशय की सूचना अपने-अपने महाविद्यालय से प्रसारित कराने का कष्ट करें।

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. वित्तअधिकारी।
2. समस्त प्राचार्य / प्रबन्धक, सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
3. उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिवगण।
4. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. अधीक्षक / प्रभारी / पटल सहायक, गोपनीय एवं परीक्षा विभाग।
6. वेबमास्टर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियन्त्रक